कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय
ऑफिस कामप्लेक्स, बी–ब्लाक गौतम नगर भोपाल
Ph : 0755-2583632, Fax: 0755-2583631, E-mail: dagebho@mp.gov.in

क्रमांक / तक. / डी.बी.टी. / 2021–22 / 768 भोपाल, दिनांक 21 / 03 / 2022

प्रति,

निर्माता

....

.......................(समस्त)

विषयः– ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल अंतर्गत पंजीकृत निर्माताओं के अवधि 1 अप्रेल 2022 से 31 मार्च 2026 की अवधि हेतु पंजीयन नवीनीकरण के संबंध में।

विषयांतर्गत लेख है कि वर्ष 2017–18 में ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल का प्रारंभ कृषकों को सीधे अनुदान का लाभ प्रदाय करने हेतु किया गया था। पोर्टल के निर्देशों अंतर्गत ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर सम्मिलित निर्माताओं को प्रत्येक 4 वर्ष बाद उनके पंजीयन को पुनः नवीनीकरण करने हेतु निर्देश है जिससे इस अवधि में निर्माताओं की आधारभूत जानकारियों में आये परिवर्तनों को ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल में भी दर्ज किया जा सके। सभी पंजीकृत निर्माताओं का पंजीयन 31 मार्च 2022 तक वैध है एवं आप सभी को पोर्टल पर अपना पंजीयन पुनः नवीनीकृत करना आवश्यक है।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 15.04.2022 तक अपने पंजीयन को नवीनीकृत करने की कार्यवाही निम्नानुसार पूर्ण करें। जिन निर्माताओं द्वारा पुनः पंजीयन नही कराया जायेगा वे अनुदान योजनान्तर्गत पोर्टल पर कार्य नही कर सकेंगे–

1. सभी निर्माताओं को पंजीयन नवीनीकरण (अवधि 01.04.2022 से 31.03.2026 तक) हेतु संलग्न प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया जाना होगा।
2. प्रत्येक निर्माता को राशि रू. 100 के नॉन–ज्यूडीशियल स्टाम्प पर परिशिष्ट–1 अनुसार जानकारी उपलब्ध करायी जानी होगी। शपथ पत्र पर निर्माता की सील लगाई जाना आवश्यक है।
3. बिन्दु क्रमांक 1 के पत्र के साथ परिशिष्ट–1 संलग्न कर निर्माता कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि (Power of Attorney holder) के माध्यम से संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, ऑफिस काम्पलेक्स, बी ब्लॉक, गौतम नगर, चेतक ब्रिज के पास भोपाल में व्यक्तिगत रूप से 31 मार्च 2022 तक जमा कराई जाना आवश्यक होगी। विलंब से जानकारी जमा होने पर पंजीयन नवीनीकरण में होने वाले विलंब एवं पोर्टल पर कार्य न कर पाने हेतु संचालनालय उत्तरदायी नही होगा।

पुनः उल्लेखित करना उचित होगा कि उक्त पंजीयन संचालनालय में पंजीकृत सभी निर्माताओं को 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2026 की अवधि हेतु नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है अतः इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने का कष्ट करें।

संचालक, कृषि अभियांत्रिकी
म.प्र. भोपाल

आवेदन पत्र

(निर्माता के लेटर हेड पर)

मैं...(निर्माता प्रतिनिधि) .... निर्माता .... (निर्माता का नाम) .... के द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि हूँ। ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर मेरी कंपनी का पंजीयन क्रमांक............है। पूर्व में मेरी कम्पनी दिनांक .... से 31/03/2022 तक ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कार्य करने हेतु पंजीकृत थी। पोर्टल के निर्देशानुसार प्रत्येक 4 वर्ष बाद पंजीयन को पुनः नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है ,इस हेतु मेरे द्वारा मेरी कंपनी के पंजीयन को ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर दिनांक 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2026 की अवधि के लिये पुनः नवीनीकृत करने हेतु मेरा (निर्माता) आवेदन प्रस्तुत है। आवेदन के साथ राशि रू. 100 के नॉन–ज्यूडीशियल स्टाम्प पर परिशिष्ट–1 के साथ संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये जा रहे है।

अतः कृपया मेरी कंपनी मेसर्स .... का ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर मेरे पंजीयन का दिनांक 01/04/22 से 31/03/26 तक की अवधि के लिये नवीनीकरण करने का कष्ट करें।

निर्माता की सील एवं प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

शपथ–पत्र

(राशि रू 100 के नॉन–ज्यूडीशियल स्टाम्प पर)

परिशिष्ट–1

मैं...(निर्माता प्रतिनिधि)........निर्माता............(निर्माता का नाम)............ के द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि हूॅं। ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर मेरी कंपनी का पंजीयन क्रमांक.......... है। पूर्व में मेरी कम्पनी दिनांक............. से .... तक ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कार्य करने हेतु पंजीकृत थी।

1. मेरी कंपनी के आधारभूत जानकारीयों में कोई परिवर्तन नही आया है अतः हमारी समस्त आधारभूत जानकारीयों को पूर्व अनुसार मानकर हमारा पंजीयन ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर दिनांक 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2026 की अवधि हेतु नवीनीकृत करने का कष्ट करें।

या

2. मैं...(निर्माता प्रतिनिधि)........निर्माता............(निर्माता का नाम)............ के द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि हूॅं। ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर मेरी कंपनी का पंजीयन क्रमांक.......... है। पूर्व में मेरी कम्पनी दिनांक............. से .... तक ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कार्य करने हेतु पंजीकृत थी।

मेरी कंपनी की आधारभूत जानकारीयों में परिवर्तन आये है जिनकी जानकारी निम्नानुसार हैः–

1...............

2...............

3...............

उपरोक्त परिवर्तनों से संबंधित दस्तावेज भी मेरे द्वारा शपथ–पत्र के साथ प्रस्तुत किये जा रहे है। इन परिवर्तनों को मान्य करते हुए मेरी कम्पनी को दिनांक 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2026 की अवधि हेतु ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर नवीनीकृत किया जायें।

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूॅ/करती हूॅ कि उक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरी निजी ज्ञान में सत्य एवं सही है।

निर्माता की सील एवं प्रतिनिधि के हस्ताक्षर